शांत सुधारस शास्त्र का श्रावक श्राविकाये प्रतिदिन कर रहे है श्रवण

मंदसौर (इन्दौर समाचार) । नई आबादी स्थित आराधना भवन जैन मंदिर हॉल में चातुर्मास अंतर्गत विविध धार्मिक गतिविधिया आयोजित हो रही है। आषाढ सुदी चतुर्दशी से लेकर सावन सुदी चतुर्दशी अर्थात 1 माह से यहां प्रतिदिन प्रातः 9 से 10 बजे तक नाकोड़ा तीर्थ के उद्धारक आचार्य श्री हिमाचलसूरीश्वरजी म.सा. के समुदाय शिष्य मुनिराज श्री विरल विजयजी म.सा. आदि ठाणा 2 यहां शांत सुधारस शास्त्र का वाचन कर रहे है तथा इसका भावार्थ भी कथन करा रहे है। शांत सुधारस हिन्दी, गुजराती सहित कई भारतीय भाषाओं में प्रकाशित उपाध्याय श्री विनय विजयजी म.सा. का शास्त्र है जिसमें उन्होंने 12 भावनाओं (अध्यायों) के माध्यम से मनुष्य के कषाय व उपशम करने के उपाय बताये है। प्रतिदिन यहां इस शास्त्र को श्रवण करने के लिये बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाये पहुंच रहे है। कल गुरुवार को उन्होंने धर्मसभा में शास्त्र श्रवण कराते हुये कहा कि मानव इस संसार में अकेला आया है अकेला ही जायेगा तथा अपने द्वारा किये गये कर्म का फल भी उसे अकेले ही भुगतना पड़ेगा। जीवन में मनुष्य को सदैव पुण्यकर्म करने चाहिये ताकि उसे पुण्य फल का लाभ पुण्य फल के रूप में मिले। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाये उपस्थित थे।

शिशुवन विद्यालय के छात्र -छात्राओं के ने पुलिस अधिकारियों को मिठाई खिलाकर बांधी राखी

मंदसौर (इंन्दौ समाचार)। रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में शहर के शिशुवन स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय मंदसौर पंहुच कर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना को मिठाई खिलाकर रक्षा सूत्र राखी बांधी। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीएस बघेल एवं थाना प्रभारी वायडी नगर शिवांशु मालवीय को भी शिशुवन विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रक्षा सूत्र बांधा गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना एवं अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

मस्कट में गूंजा हास्य और कविता का रंग, मंदसौर के कवि मुन्ना बैटरी ने दी प्रस्तुति

मंदसौर । भारतीय हास्य एवं कविता की शानदार प्रस्तुति से ओमान की राजधानी मस्कट में आयोजित प्रतिष्ठित 'हास्य मेव जयते' का 30वां संस्करण यादगार बन गया। भारतीय सोशल क्लब ओमान के हिंदी विंग एवं तक्षक तहश्ह्रश्व के सहयोग से आयोजित इस विशेष काव्य संध्या में भारत के प्रसिद्ध कवियों ने अपनी हास्य-व्यंग्य रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कार्यक्रम में भारत से आमंत्रित कवि मुन्ना बैटरी ने भी अपनी हास्य कविताओं एवं चुटीले अंदाज से शानदार काव्यपाठ किया। उनकी प्रस्तुति पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं और कार्यक्रम का माहौल हास्य एवं ठहाकों से गूंज उठा कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध गीतकार श्री दिनेश रघुवंशी जी ने किया ओमान में भारतीय संस्कृति, हिंदी भाषा और हास्य कविता के इस भव्य आयोजन में कवि मुन्ना बैटरी की प्रस्तुति को श्रोताओं ने विशेष रूप से सराहा। उन्होंने आयोजकों एवं ओमान में बसे भारतीय समुदाय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हिंदी और भारतीय संस्कृति को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाने का काम करते हैं।

5 दिवसीय बैंकिंग की मांग एवं पीएलआई में हेराफेरी के खिलाफ प्रदर्शन

मंदसौर इन्दौर समाचार । यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के घटकों द्वारा भारत सरकार की 5 दिन का बैंकिग लागू करने एवं सरकार की एक तरफा और भेदभावपूर्ण पीएलआई योजना के खिलाफ तथा लंबित मांगों के समाधान हेतु आज भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के सामने प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में सभी राष्ट्रीयकृत बैंक कर्मी शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान बताया कि मांगों का निराकरण नहीं होने पर 11 सितम्ब को अखिल भारतीय हड़ताल, 28, 29 व 30 सितम्बर को 3 दिवसीय हड़ताल तथा 26 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल का आह्वान किया गया है। सभा को कामरेड महेन्द्रसिंह राठौर, रमेशचन्द्र जैन, सुरेन्द्र संघवी, गजेन्द्र तिवारी ने संबाधित किया। आभार जिनेन्द्र राठौर ने माना। प्रदर्शन में नितिन खटाना, पूनम रावल, विरेन्द्र कुमार भावसर, भवानी मीणा, रवि गेहलोत, त्रिलोकसिंह शक्तावत, नरेन्द्र पायण्डिया, राकेश शर्मा, मोहित राठौर, प्रज्ञा जैन, मंगेश राठौर, रोशन सैनी, दीपक परमार सहित कई बैंक कर्मी शामिल हुए।

बंजारा समाज का नाम किया रोशन , दिलीप का एमबीबीएस मे हुआ चयन

नाहरगढ इन्दौर समाचार। मल्हारगढ तहसील के छोटे गांव ईरली निवासी दिलीप भरावत पिता मदन भरावत का चयन हुआ एमबीबीएस के लिए अब डॉक्टर बनने की राह पर है । पिता का सपना व पुत्र की लगन व मेहनत से आज परिवार मे हर्ष व खुशी का अवसर मिला है । भाई दिलीप भरवत को MBBS पाठ्यक्रम के लिए मेडिकल कॉलेज सीहोर में चयन हुआ है। यह उपलब्धि पूरे बंजारा समाज ग्राम ईरली एवं परिवार के लिए गर्व और हर्ष का विषय है। शिक्षा ही जीवन है शिक्षित होना जरूरी है । दिलीप के पिता मदन भरावत मध्यप्रदेश पुलिस में अपनी सेवाएं रतलाम में दे रहे हैं। वहीं परिवार के बड़े पापा मोहन भरावत रक्षित निरीक्षक/टीआई एवं यातायात प्रभारी रतलाम, नीमच में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। दिलीप की इस सफलता ने न केवल परिवार का बल्कि पूरे बंजारा समाज और गांव का नाम रोशन किया है। उनकी मेहनत और सफलता समाज के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। दिलीप भरावत को MBBS में चयन होने पर सभी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मंदसौर विश्वविद्यालय में गूंजा सफलता का मंत्र, 'दीक्षारंभ-2026' में विद्यार्थियों को मिला विशेषज्ञों का मार्गदर्शन

मंदसौर (इन्दौर समाचार)। मंदसौर विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए 18 से 25 अगस्त 2026 तक आयोजित सात दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'दीक्षारंभ-2026' का समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक जीवन, करियर निर्माण, व्यक्तित्व विकास तथा जीवन के लक्ष्यों के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) राजीव आर. ठाकुर ने विद्यार्थियों को जीवन में 360 डिग्री विकास का महत्व बताते हुए शिक्षा के साथ कौशल, नेतृत्व क्षमता और नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि ध्रुव कांत ठाकुर (आईपीएस), महानिदेशक होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश तथा विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट डॉ. रीता गंगवानी ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बढ़ाने और सशक्त व्यक्तित्व निर्माण के महत्वपूर्ण सूत्र बताए। सात दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। डॉ. सुब्रत कुमार (सीईओ, पीपल लैब्स), विकास चौधरी (हेड-जेडीसी इंदौर, टीसीएस) एवं मनीष मेहरा (प्रोग्राम मैनेजर, टीसीएस) ने प्रतिस्पर्धी माहौल में लक्ष्य निर्धारण, करियर योजना और आधुनिक कौशल विकास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रियंक चेलवत ने सफलता प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच का महत्व समझाया। इसी क्रम में गौरव गोयल (सहायक निदेशक, एमएसएमई-डीएफओ, इंदौर) ने स्टार्टअप, उद्यमिता और एमएसएमई योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. शशी गांधी, (डीन सुंदरलाल पटवा शासकीय मेडिकल कॉलेज, मंदसौर) ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व से अवगत कराया। वहीं नरेंद्र कारपे (इफ्को लेबोरेटरीज) ने कॉर्पोरेट जगत की अपेक्षाओं और करियर लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशलों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के विशेष एल्युमनाई सत्र में विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र ऋषभ पाटीदार, रानी डामोर, पवन पाटीदार, अर्जुन मालवीय, श्याम पोरवाल एवं रजत श्रीवास्तव ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को उद्योग जगत की चुनौतियों, निरंतर सीखने की आवश्यकता और कैंपस से कॉर्पोरेट जीवन तक के सफर के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। समापन समारोह में माइक्रो मिट्टी के संस्थापक मनोज धनोतिया ने नवाचार और बदलते व्यावसायिक परिवेश में आगे बढ़ने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नरेंद्र नाहटा ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण और निरंतर प्रयास का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान खेल विभाग, चांसलर ब्रिगेड टीम एवं स्टूडेंट्स अफेयर्स काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं और आइस-ब्रेकिंग गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनसे विद्यार्थियों में टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता और आपसी समन्वय की भावना विकसित हुई। इस अवसर पर कुलपति डॉ राजीव आर ठाकुर ,कुलसचिव आशीष पारिख, डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. सदानंद पुस्टी, डीन रिसर्च डॉ. आर.के. जैन, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. वीरेंद्र जैन एवं डॉ. अविनाश विक्रम, स्टूडेंट्स अफेयर्स काउंसिल हेड डॉ. सोनाक्षी अग्रवाल एवं डॉ. मीता पारिख, तथा खेल विभाग से डॉ. शमशेर सिंह, डॉ. नजीमुद्दीन खान सहित विश्वविद्यालय परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

महंगाई और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल : तहसीलदार के देरी से आने पर विरोध स्वरूप सरदार पटेल के चरणों में रखा ज्ञापन

मंदसौर, (इन्दौर समाचार)। आम आदमी की कमर तोड़ती महंगाई और सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मंदसौर शहर और मंदसौर ग्रामीण के नेतृत्व में एक विशाल प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया गया।

जनता की आवाज को बुलंद करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में एकत्रित होकर गांधी चौराहे से लेकर बीपीएल चौराहा (मिश्रीलाल पेट्रोल पंप) तक एक विशाल पैदल मार्च निकाला। इस दौरान मुख्य रूप से आम आदमी की पहुँच से दूर होती महंगी शक्कर, श्व20 पेट्रोल की आसमान छूती कीमतें व उसमें हो रही मिलावट, डसने वाले बेतहाशा बिजली बिल और रसोई का बजट बिगाड़ने वाले महंगे गैस सिलेंडर जैसे जनहित के गंभीर मुद्दों पर सरकार को जमकर घेरा गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक विपिन जैन ने सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से पूंजीपतियों की सरकार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सरकार को आम जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है और इसकी सभी नीतियां केवल चंद धनकुबेरों को फायदा पहुंचाने के लिए ही बनाई जा रही हैं। वहीं, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र गुर्जर ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि आज महंगाई ने गरीब और मध्यम वर्ग की कमर पूरी तरह से तोड़ दी है और यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक आम आदमी को राहत नहीं मिल जाती। पैदल मार्च के समापन के पश्चात जब प्रशासन को ज्ञापन सौंपने का समय आया, तब ज्ञापन लेने के लिए तहसीलदार समय पर उपस्थित नहीं हुए। उनके देरी से पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के इस रवैये पर कड़ी आपत्ति जताई और अपना कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए ज्ञापन को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के चरणों में रख दिया। महंगाई के खिलाफ इस जन-आंदोलन में कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर इस संघर्ष को नई ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक नवकृष्णा पाटिल, प्रदेश कांग्रेस सचिव राजेश रघुवंशी, संगठन मंत्री अजय लोडा, जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष विकास दशोरा, कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला कांग्रेस महामंत्री आदित्य पाटिल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष राखी सत्रहवाला, प्रदेश महिला कांग्रेस महामंत्री रूपल संचेती, सेवा दल अध्यक्ष दिलीप देवड़ा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बसंती लाल सोलंकी, जिला कांग्रेस महामंत्री सुरेंद्र कुमावत, जिला कांग्रेस महामंत्री अजय मारु, मंदसौर शहर और मंदसौर ग्रामीण मंडल अध्यक्षगण , एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मंथन धनोतिया सहित बड़ी संख्या में आमजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल

शामगढ(इंन्दौ समाचार) ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आम आदमी की कमर तोड़ती महंगाई और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. शौकत मंसूरी के नेतृत्व में आम आदमी की पहुँच से दूर हुवी शक्कर के विरोध में आमजनों को एक चिमटी शक्कर बाटकर, श्व20 पेट्रोल की कीमतें और मिलावट के विरोध में ठेले पर मोटर साईकल और डराने वाले महंगे गैस सिलेंडर रखकर नगर के मुख्य मार्गो से रैली निकाली, वही त्योहार के समय डसने वाले बड़े हुवे बिजली के बिलो कि प्रतीकत्मक होली जलाकर किया जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान

मेहन्द्र पोरवाल, पंकज मुजावदिया, पवन पाण्डेय, बबलू मेव, प्रेम पटेल, कन्हैयालाल सिसोदिया, राऊफ पठान, रईस अब्बासी, राजेन्द्र मालवीय, अजय सिंह पंवार, जगदीश मेहता, सुमित्रा देसाई, शाज़िया खान, शीतल जायसवाल, रेखा भार्गव, मंजू जोशी, नलिनी राजपूत, जगदीश परमार, गोपाल मेहर, इक़बाल शाह, मुकेश सेन, शंकर सिंह, जब्बर भाई, मोहम्मद भाई सहित कॉग्रिसजन उपस्थित रहे।

शिक्षक राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी : सांसद सुधीर गुप्ता

नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता सहित शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन प्रतिबद्ध : डॉ. राठौर

मंदसौर (इन्दौर समाचार)। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा मंदसौर द्वारा 'सेवा प्रवर्त शिक्षक सम्मान एवं वृहद जिला शिक्षक सम्मेलन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, शिक्षक सम्मान, राष्ट्र निर्माण एवं शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर वक्ताओं ने विचार रखे। समारोह में 25 उत्कृष्ट एवं सेवाभावी शिक्षकों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। अतिथि परिचय संभागीय अध्यक्ष शंकरलाल आंजना ने कराया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा जिलाध्यक्ष विक्रम शर्मा ने प्रस्तुत की। समारोह में सांसद सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, विधायक विपिन जैन, प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर, प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता, प्रांतीय मीडिया सह प्रभारी रामचंद्र मालवीय सहित संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे विद्यार्थियों को केवल शिक्षा नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य का निर्माण करते हैं। शिक्षक का सम्मान वास्तव में ज्ञान, शिक्षा और संस्कार का सम्मान है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति को सफल

बनाने में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। शिक्षक जितना सशक्त और सम्मानित होगा, देश की शिक्षा व्यवस्था उतनी ही मजबूत होगी।

प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर ने कहा कि सेवानिवृत्ति सरकारी सेवा से होती है, शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। उसका सामाजिक दायित्व जीवनभर बना रहता है। उन्होंने कहा कि संगठन शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, टीईटी, अतिथि शिक्षक, चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान, महंगाई भत्ता, अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन एवं व्यावसायिक शिक्षकों सहित विभिन्न विषयों को लेकर शासन स्तर पर लगातार संवाद किया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर लोकतांत्रिक एवं अहिंसात्मक आंदोलन भी किया जाएगा। विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए ई-अटेंडेंस व्यवस्था में व्यावहारिक राहत मिलनी चाहिए। उन्होंने सरकार के समक्ष लगभग एक से डेढ़ घंटे की समय-छूट का सुझाव रखने की बात कही। प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता ने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल कर्मचारी हित तक सीमित नहीं है। राष्ट्रहित, शिक्षा हित, छात्र हित और शिक्षक हित को साथ लेकर चलना संगठन की कार्यदृष्टि है। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए पहले संवाद और वार्ता का मार्ग अपनाया जाता है तथा आवश्यकता पड़ने पर ज्ञापन, धरना और लोकतांत्रिक आंदोलन किया जाता है। समारोह में 25 उत्कृष्ट एवं सेवाभावी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। वहीं रूपा जोनवल को जिला सह-मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव भरत लाल पपोंडिया ने किया तथा आभार जिला संगठन मंत्री मोतीलाल फरक्या ने माना। सम्मेलन की सफलता में कार्यक्रम संयोजक शंभूसिंह चुण्डावत, जिला उपाध्यक्ष मनीष बैरागी,सह संयोजक श्री जीतेन्द्रसिंह राणा, प्रेमसिंह चौहान सहित समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मारवाड़ी युवा मंच द्वारा 30 अगस्त को सायकिल रैली का आयोजन, शहरवासी भाग ले

मंदसौर(इन्दौर समाचार)। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा 30 अगस्त को संपूर्ण भारत के साथ-साथ मंदसौर जिला मुख्यालय पर साइक्लोथान (साइकिल रैली) का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसके तहत प्रात 8.30 बजे साइकिल रैली संजय गांधी उद्यान से निकलेगी जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई नूतन स्टेडियम परिसर पहुंचेगी जहां पर मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय समन्वयक नरेंद्र अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती रानी अनिल अग्रवाल एवं दिलीप सेठिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सर्व श्री हेमंत अग्रवाल, संजय वर्मा, नरेंद्र त्रिवेदी, श्रीमती नेहा सुमित मित्तल सहित अन्य अतिथियों द्वारा रैली में भाग लेने वाले स्कूल के बच्चों एवं गणमान्य जनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए मारवाड़ी युवा मंच मंदसौर शाखा अध्यक्ष सौरभ सोमानी, सचिव कुलदीप सोमानी, महिला शाखा अध्यक्ष किरण गणेश सोनगरा, सचिव प्रिया विवेक पालीवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन विश्व मोहन अग्रवाल , गणेश सोनगरा, दिलीप रांका, रिषभ पोरवाल ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच द्वारा प्रतिवर्ष अगस्त माह के अंतिम रविवार को स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत साइकिल रैली निकाली जाती है इसी अभियान के अंतर्गत मंदसौर शहर में 30 अगस्त रविवार को प्रातः 8.30 बजे संजय गांधी उद्यान परिसर नई आबादी से नगर में साइकिल रैली निकाली जाएगी । रैली संजय गांधी उद्यान से आरम्भ होकर बंटी पान चौराहा, माल गोदाम रोड़, स्टेशन रोड , नाहटा चौराहा, गाँधी चौराहा, बीपीएल चौराहा होकर नूतन स्टेडियम पर पहुंचेगी, जहा समापन के साथ पुरुस्कार वितरण का कार्यक्रम होगा। मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारियों ने मंदसौर शहरवासियों से अनुरोध किया कि रविवार को प्रातः 8.30 बजे संजय गांधी उद्यान से आरंभ होने वाली रैली में अपनी साइकिल लेकर सम्मिलित हो। समापन समारोह प्रात 9.30 बजे नूतन स्टेडियम में होगा।

राजेन्द्र विलास में आयोजित नवकार महामंत्र आराधना के अष्टम दिवस कई तीर्थों की भाव यात्राए करायी गयी

मन्दसौर। 20 अगस्त से 28 अगस्त तक 9 दिवसीय मंत्राधिराज श्री नवकार मंत्र आराधना जीवागंज स्थित राजेन्द्र विलास में हो रही है मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्न विजयजी म. सा. व श्री पवित्ररत्न विजयजी म. सा. की पावन प्रेरणा व निश्रा में लगभग 115 आराधक प्रतिदिन प्रात 8 से 12 बजे तक श्वेत वस्त्र पहनकर 20 - 20 नवकार महामंत्र की माला गिनते हुये धर्मआराधना कर रहे है। इस अवसर पर आचार्य पूज्य सम्राट श्री जयन्त सेन सूरीश्वरजी म. सा. के द्वारा नवकार महामंत्र के 68 अक्षरो से आने वाले देश के 68 जैन तीर्थों की भाव यात्रा भी मुनिराज श्री प्रत्यक्ष रत्न विजयजी व पवित्ररत्न विजयजी के द्वारा करायी जा रही है। कल इसी के अंतर्गत नवकार महामंत्र के अष्टम दिवस नवकार के आठवें पद 'मंगलाणं च सव्वेसिं'' पद की महिमा बतायी गयी तथा इस पद के अक्षरो से आने वाले जैन तीर्थ श्री मांडवगढ़ तीर्थ, श्री गंगाणी तीर्थ, श्री लाखणी तीर्थ, श्री नंदूरी नानपुर तीर्थ, श्री चम्पापुरी तीर्थ, श्री नामली विहार भरूच गुजरात तीर्थ, श्री वेलार तीर्थ, श्री सिहपुरी तीर्थ के विषय में पूरी जानकारी श्रावक श्राविकाओं को देकर उन्हें तीर्थों की भाव यात्रा करायी गयी।